1-India handed over 34.9 km long cross-border rail link connecting Jayanagar in Bihar to Kurtha in Nepal to Nepal government.

भारत ने बिहार के जयनगर को नेपाल में कुर्था से जोड़ने वाली **34.9** किलोमीटर लंबी रेल संपर्क लाईन नेपाल सरकार को सौंप दी है।

2-Union Minister for Environment, Forest and Climate Change Bhupender Yadav has said that India and the UK have agreed to strengthen climate initiatives and further their green partnership.

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन जलवायु पहल मजबूत करने और हरित साझेदारी आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

3-The UK will host the 26th Conference of Parties (COP26) to the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC) in Glasgow from 31st of this month to 12th November.

ब्रिटेन **31** अक्तूबर से **12** नवंबर तक ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु संधि में शामिल देशों के **26**वें सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

4-The Union Minister for Culture, Tourism and Development of North Eastern Region (DoNER) G Kishan Reddy unveiled the UNESCO World Heritage Listing plaque at Ramappa - Kakatiya Rudreshwara Temple in Palampet.

केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (डीओएनईआर) जी. किशन रेड्डी ने पालमपेट में रामप्पा - काकतीय रुद्रेश्वर मंदिर में यूनेस्को की विश्व विरासत शिलालेख पट्टिका का अनावरण किया।

5-The Ministry of Defence has signed a contract with the US Government under Foreign Military Sale (FMS) for procurement of MK 54 Torpedo and Expendable (Chaff and Flares) for the Indian Navy at a cost of ₹ 423 Crores.

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए **423** करोड़ रुपये की लागत से एमके **54** टॉरपीडो और एक्सपेंडेबल (शैफ एंड फ्लेयर्स) की खरीद के लिए विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) के तहत अमेरिकी सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

6-ABHYAS - the High-speed Expendable Aerial Target (HEAT) was successfully flight-tested by Defence Research and Development Organisation (DRDO) from the Integrated Test Range (ITR), Chandipur off the coast of Bay of Bengal in Odisha.

अभ्यास - हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (एचइएटी) का ओडिशा में बंगाल की खाड़ी के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया।

7-NITI Aayog CEO, Amitabh Kant that India's real estate sector is expected to reach a market size of 1 trillion dollars and contribute 18-20 percent of the country's GDP by 2030.

नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि भारत का अचल सम्पत्ति बाजार एक ट्रिलियन डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है और **2030** तक इस क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद में **18** से **20** प्रतिशत तक योगदान होगा।

8-Smartphone brand realme has elevated Madhav Sheth as President of the International Business Unit (IBU), touted as the first Indian global CEO in the smartphone industry.

स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने माधव शेठ को इंटरनेशनल बिजनेस यूनिट (आईबीयू) के अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया है, जिन्हें स्मार्टफोन उद्योग में पहले भारतीय वैश्विक सीईओ के रूप में जाना जाता है।

9-The Fiji parliament elected Ratu William Katoniware as the new president after securing a majority.

फीजी संसद ने रातू विलियाम काटोनीवरे को बहुमत हासिल करने के बाद नए राष्ट्रपति के रूप में चुना।

10-Union Minister of Housing and Urban Affairs & Petroleum and Natural Gas Hardeep Singh Puri handed over keys and flagged off Five High-Tech Ambulances, under HUDCO CSR grant to Atal Bihari Vajpayee Institute of Medical Sciences & Dr. Ram Manohar Lohia Hospital, and Vardhman Mahavir Medical College & Safdarjung Hospital.

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान एवं डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल और वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल को हुडको के सीएसआर अनुदान के तहत पांच हाई-टेक एम्बुलेंस की चाबियां सौंपी और उनको हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।